Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite construction of Khajuraho-Singrauli railway project in Madhya Pradesh.

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र खजुराहो-सिंगरौली रेलवे लाइन का काम पूर्ण होने से इसका सीधा लाभ मेरे क्षेत्र को मिलेगा किन्तु खजुराहो-सिंगरौली रेलवे लाइन का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है तथा किसानों को इसका मुआवजा भी अभी तक नहीं मिला है एवं इसमें कई प्रकार की विसंगतियाँ भी हैं । कई सालों से काम अपूर्ण है । सतना से पन्ना तक काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है तथा पन्ना से खजुराहो का काम प्रारंभ ही नहीं हुआ है ।

इस परियोजना में किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे में भी अनियमितताएँ हैं । अत: महोदय, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूँ कि किसानों को मिलने वाले मुआवजे की विसंगतियों को दूर किया जाये तथा साथ ही साथ खजुराहो-सिंगरौली रेलवे लाइन का काम शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराया जाए ।

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): धन्यवाद अध्यक्ष जी, अभी श्री विष्णु दत्त शर्मा जी ने जो विषय उठाया है, मैं उस विषय के साथ अपने-आप को सम्बद्ध करना चाहती हूं, क्योंकि यह विषय मेरे क्षेत्र से जुड़ा हुआ है ।

माननीय अध्यक्ष: थैंक्यू, श्री रवि किशन जी ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: रीति पाठक जी, क्या आपको कुछ बोलना है?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपने यह क्यों बोला कि आपको सम्बद्ध करना है । आप अपना विषय बोलिए ।

श्रीमती रीती पाठक: अध्यक्ष जी, वह भी बहुत महत्वपूर्ण विषय है ।

माननीय अध्यक्ष: आपने एसोसिएट करने के लिए बोला है । 377 में एसोसिएशन नहीं होता है ।